पत्रकारिता तथा मीडिया के बदलते आयाम में मूल्यों की रक्षा हो

- प्रो. कमल दीक्षित

नडीयाद में राज्यस्तर आध्यात्मिक पत्रकारिता लेखन प्रशिक्षण संपन्न

नडीयाद (दि. ११) मूल्यों का चरण-क्षरण हर क्षेत्र में हो रहा है, पत्रकारिता तथा मीडिया क्षेत्र भी उसमें शामील है, पत्रकारिता तथा मीडिया में कई नये आयाम स्थापित हो रहे है। मीडिया तेजी से मिशन से प्रोफेशन की तरफ अग्रेसर है, इस स्पर्धा तथा बदलते आयाम में पत्रकारिता के मूल उद्देश तथा मूल्यों की रक्षा करने का उत्तरदायित्व हम सभी का है। मीडिया के इस नये आयामों में शाश्वत मूल्यों की रक्षा करना हमारा उद्देश रहे। उक्त मन्तव्य थे ज्येष्ठ पत्रकार प्रो. कमल दीक्षित के, वें यहाँ पर गुजरात स्तरीय आध्यात्मिक पत्रकारिता कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्‌घाटन सत्र में संबोधित कर रहे थे।

नडीयाद स्थित ब्रह्माकुमारीज् 'प्रभू शरणम्' भवन में तीन दिवसीय आध्यात्मिक पत्रकारिता कौशल विकास प्रशिक्षण शिविर का आयोजन ब्रह्माकुमारीज् एवम् मीडिया प्रभाग की ओर से किया गया। जिसमें भोपाल स्थित माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता विश्वविद्यालय के पूर्व विभागाध्यक्ष तथा मूल्यानुगत मीडिया अभिक्रम समिती के संस्थापक प्रो. कमल दीक्षितजी ने उद्‌घाटन सत्र में अपना मनोगत व्यक्त किया। उन्होने आगे कहा की, पत्रकारिता में मूल्यों को पूर्नस्थापित करने के लिए सांघिक प्रयास होने चाहिए। पूर्व लोकहितकारी पत्रकारिता के उद्देशों को बनाये रखने में विश्व में जो प्रयास हो रहे है, उसमें ब्रह्माकुमारीज मीडिया प्रभाग द्वारा आध्यात्मिक पत्रकारिता लेखन प्रशिक्षण यह एक अनोखा तथा अनुकरणीय प्रयास है। इस प्रशिक्षण द्वारा आध्यात्मिक पत्रकारिता क्षेत्र में नई पहल प्रारंभ करने पर उन्होनें ब्रह्माकुमारीज् की सराहना की।

इनके विचार भी रहे प्रेरणादाई :

प्रो. कमल दीक्षित (ज्येष्ठ पत्रकार भोपाल), प्रो. डॉ. विनोद पांडे (अध्यक्ष जर्नालिझम एवम् मास कॉम्युनिकेशन विभाग, गुजरात विद्यापीठ, अहमदाबाद), ब्र.कु शान्तनु (मुख्यालय सन्वयक, मीडिया प्रभाग, माऊंट आबू राजस्थान), भ्राता हर्षित मेहता (आचार्य सुरज बा महिला कॉलेज, नडीयाद), भ्राता कल्पेश तलाटी (तंत्री डी.एन.एन. आध्यात्मिक चैनल, नडीयाद), डॉ. सोमनाथ वडनेरे (जनसंचार विभाग, उत्तर महाराष्ट्र विश्वविद्यालय, जलगांव) भ्राता चंपक मोदी (साहित्यकार नडीयाद), ब्र.कु. पुर्णिमा बहन (उपक्षेत्र प्रभारी, नडीयाद), ब्र.कु. रंजन बहन (समन्वयक, मीडिया प्रभाग, सुरत), ब्र.कु. नंदीनी बहन (सह समन्वयक, मीडिया प्रभाग, अहमदाबाद) के सानिध्य में इस प्रशिक्षण का शुभारंभ हुवा तथा इनका मार्गदर्शन भी प्राप्त हुआ।

.... २

नवपत्रकारों के लिए डॉ. सोमनाथ का सराहनिय प्रयास
पत्रकारिता तथा मीडिया सेवा के बदलते आयाम पुस्तक का विमोचन :

उद्घाटन सत्र में जलगांव, महाराष्ट्र स्थित उत्तर महाराष्ट्र विश्वविद्यालय के जनसंचार तथा पत्रकारिता विभाग के डॉ. सोमनाथ वडनेरे द्वारा लिखित "पत्रकारिता तथा मीडिया सेवा के नये आयाम" किताब का विमोचन मान्यवरों द्वारा किया गया। पत्रकारिता तथा मीडिया सेवा के लेखन कौशल्य, तंत्र तथा नये आयामों पर डॉ. वडनेरे ने लिखा है। पत्रकारिता सिखने तथा मीडिया क्षेत्र में प्रवेश करने वाले नव पत्रकारों के लिए आवश्यक कौशल्य तथा लेखन तंत्र के लिए यह ग्रंथ पत्रकारिता क्षेत्र में दिपस्तंभ बनकर कार्य करेगा इसी उम्मीद मंचासिन मान्यवरों ने व्यक्त की।

मुद्रित, इलेक्ट्रॉनिक तथा सायबर मीडिया ट्रेनिंग :

आध्यात्मिक पत्रकारिता करने हेतू मीडिया के तीनों प्रमुख ईकाई का ज्ञान नवपत्रकारों को हो इस लिए मुद्रित, इलेक्ट्रॉनिक तथा सायबर मीडिया का प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें प्रो. कमल दीक्षित, जनसंचार तथा पत्रकारिता विभाग, गुजरात विश्व विद्यालय, अहमदाबाद के विभागाध्यक्ष प्रो. विनोद पाण्डेय, तथा जलगांव स्थित डॉ. सोमनाथ वडनेरे ने समाचारपत्र, पत्रिका के लेखन कौशल का प्रशिक्षण दिया। ब्र.कु. शान्तनु, मुख्यालय समन्वयक, मीडिया प्रभाग, माऊंट आबू ने ईमेल तथा मीडिया प्रभाग की व्याप्ती तथा उद्देश पर मार्गदर्शन किया। ब्र.कु. कोमल (माऊंट आबू) ने टीवी पत्रकारिता पर प्रॅक्टिकल प्रशिक्षण दिया। ब्रह्माकुमारीज् अहमदाबाद की ब्र.कु. नंदिनी बहन ने फोटो पत्रकारिता पर अनुभवयुक्त संपूर्ण फोटोग्राफी के महत्व पर सादरी करण किया। ब्र.कु. पुष्पेंद्र, माऊंट आबू ने भी अपना मनोगत व्यक्त किया।

तीन दिवसीय आध्यात्मिक पत्रकारिता प्रशिक्षण में समग्र गुजरात से १४० से अधिक भाई-बहनों ने उंमग-उत्साह से हिस्सा लिया। प्रशिक्षण के समापन सत्र में सहभागीयों ने अपने अनुभव प्रगट किए। नडीयाद उपक्षेत्र प्रभारी ब्र.कु. पुर्णीमा बहन, ब्र.कु. रंजन बहन, ब्र.कु. नंदीनी बहन ने सभी का आभार व्यक्त किया।